दैनिक

न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके शहर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 17 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-22

महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रम्प ने खुद को बताया सच्चा पर्यावरणविद

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को खुद को एक सच्चा पर्यावरणविद बताते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन संबंधी समझौते को लेकर अमेरिकी प्रशासन द्वारा उठाए गए कदम का उद्देश्य यह था कि वह अमेरिका को आर्थिक नुकसान में नहीं देखना चाहते।

तालिबान के हमले में 19 अफगान सैनिकों की मौत

काबुल (आरएनएस)। देश में संसदीय चुनाव से महज कुछ दिन पहले एक तालिबान हमले में अफगान सुरक्षा बलों के कम से कम 19 जवानों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवाल को कहा कि तालिबान लड़ाकों के एक समूह ने दायकुंदी प्रान्त के किजरान इलाके में देर रात लगभग एक बजे तीन सुरक्षा जांच चौकियों पर हमला कर दिया।

एक ही परिवार के सात लोगों की अर्थी देख रो पड़े लोग

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई में माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कर लौट रहे एक ही परिवार की सड़क हादसे में मारे गये सात लोगों की अर्थी मंगलवार को एक साथ निकली। एक घर से सात लोगों की अर्थी देख परिवार समेत साथ पूरा क्षेत्र रो पड़ा। हर हाथ अर्थी को थामने के लिए बेताब दिखा। इस मंजर को देख कर वार्डवासी की आंखों में आँसू थे सभी का शव पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार दोपहर परिजनों को सौंपा गया।

पूरी दुनिया भर में यू-ट्यूब हुआ डाउन, यूजर्स को हो रही परेशानी

नई दिल्ली। वीडियो शेयरिंग वेबसाइट के तौर पर पूरी दुनिया में फेमस यूट्यूब डाउन हो गया है. भारत ही नहीं, बल्कि यू-ट्यूब पूरी दूनिया भर में डाउन हो गया है और इसकी वजह से यूजर्स को काफी परेशानी हो रही है. यू-ट्यूब डाउन होने से यूजर्स न तो वीडियो देख पा रहे हैं और न ही किसी से शेयर कर पा रहे हैं. यू-ट्यूब यूजर्स सोशल मीडिया पर एरर का स्क्रीनशॉट डाल कर अपनी परेशानी सामने रख रहे हैं. अगर आप यू-ट्यूब पर वीडियो देखने के लिए क्लिक करेंगे तो आपको भी एरर शो होगा.

गुवाहाटी में बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने की पूजा-अर्चना।

संत रामपाल समेत सभी आरोपियों को उम्रकैद

सतलोक आश्रम केसः संत रामपाल समेत सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है।

शार्दुल ठाकुर की जगह उमेश यादव भारतीय वन-डे टीम में शामिल

हैदराबादः वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज उमेश यादव को चोटिल शार्दुल ठाकुर के स्थान पर कैरेबियाई टीम के साथ होने वाले पहले दो वन-डे अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है.

आतंकियों के मुकाबले के लिए बना रहे हैं नई रणनीति- राजनाथ

गुरुग्राम (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए नई रणनीतियां बना रहे हैं। उन्होंने चेताया कि राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा सोशल मीडिया का बढ़ता इस्तेमाल एक नया खतरा है।

हालांकि, उन्होंने विश्वास जताया कि देश के सुरक्षा बल किसी भी खतरे से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद कोई बड़ी आतंकी घटना देश में नहीं हुई है। उन्होंने इसका श्रेय देश के सुरक्षा बलों की मुस्तैदी को दिया।

राजनाथ सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के स्थापना दिवस के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने एनएसजी को विश्वस्तरीय बल बताया और कहा कि एनएसजी कमांडो की एक इकाई को जम्मू एवं कश्मीर में इस साल की शुरुआत में पहली बार तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि एनएसजी जवानों को आम तौर पर बेटर दैन द रेस्ट कहा जाता है, लेकिन उनका मानना है कि ब्लैक कैट्स बेटर दैन द बेस्ट हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों के लिए न्यूनतम मुआवजे की राशि को बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया गया है। यह मुआवजा बढ़ सकता है, लेकिन कम नहीं होगा। इस समारोह के दौरान 14 शहीदों के परिजनों को गृह मंत्री ने सम्मानित किया।

सुरक्षा बलों ने जारी की घाटी में टॉप 10 आतंकियों की लिस्ट

1- रियाज नायकू– घाटी में हिज्बुल मुजाहिदीन चीफ
2- नावीद जट– लश्कर -ए-तैयबा चीफ
3- जीनत उल इस्लाम– शोपियां में हिज्बुल कमांडर
4- जाकिर मूसा– अनसर घजवट उल हिंद मुखिया
5- अल्ताफ कबरू– कुलगाम में हिज्बुल मुजाहिदीन कमांडर
6- लतीफ टाइगर– बुरहान ग्रुप से सक्रिय हिज्बुल कमांडर
7- अरशैद उल हक–पुलवामा में हिज्बुल मुजाहिदीन कमांडर
8- जाहिद शेख उर्फ उमेर अफगानी– जैश-ए-मोहम्मद कमांडर
9- अशरफ मोलवी– हिज्बुल मुजाहिदीन कमांडर अनंतनाग
10- मेहराज बांगरू– एलईटी कमांडर श्रीनगर

श्रीनगर (आरएनएस)। आतंकी संगठनों के कई टॉप कमांडरों को ढेर करने के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने टॉप 10 कमांडर की नई लिस्ट जारी की है। इन्हें क्षेत्र से हटाने के उद्देश्य से इस सूची को सार्वजनिक कर दिया है। इन वॉन्टेड आतंकियों में रियाज, जाकिर, और जम्मू-कश्मीर पुलिस की कस्टडी पाकिस्तानी आतंकी नावीद जट उर्फ अबु हंजाळ्ळा शामिल हैं।

इनका फरार होना सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ा झटका है जिसकी वजह से घाटी में भी इन दिनों संघर्ष का दौर जारी है। पुलिस के अनुसार, इन मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों को दो कैटिगरी ए और ए++ श्रेणी में रखा गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि करीब 215 आतंकी इस समय घाटी में सक्रिय हैं। घाटी में हिज्बुल कमांडरों का मुखिया रियाज नायकू सबसे खतरनाक आतंकी है जिसे ए ++ श्रेणी में रखा गया है। उसे प्रो पाकिस्तान प्रॉपेगैंडा और पाकिस्तान समर्थित माना जाता है। वह पुलिसकर्मियों सहित घाटियों में कई हत्याओं में शामिल रहा है।

उसने कई विडियो भी जारी किए थे जिसमें वह पुलिसकर्मियों को आतंकी विरोधी ऑपरेशन से दूर रहने की धमकी दे रहा है। नायकू को हिज्बुल के ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) का बड़ा समर्थन हासिल है। वहीं अनसर गजावट-उल-हिंद ऑफ अलकायदा का चीफ कमांडर जाकिर मूसा काफी कम समय में कश्मीर के युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गया है। उसे भी समर्थन मिला हुआ है।

किताब मिल्कमैन के लिए आइरिस लेखिका अन्ना बर्न्स को मिला मैन बुकर एवार्ड

लंदन। आयरलैंड की लेखिका एना बर्न्स को उनकी किताब मिल्कमैन के लिए प्रतिष्ठित मैन बुकर पुरस्कार से नवाजा किया गया. मंगलवार को उन्हें यह सम्मान दिया गया. यह उपन्यास 1970 के समय काल में उत्तरी आयरलैंड में रहने वाली एक 18 वर्षीय लड़की के इर्द-गिर्द घूमता है जिसमें लड़की एक रहस्यमयी और उम्र में उससे कहीं बड़े एक व्यक्ति से संबंध बनाने के लिए मजबूर होती है. पुरस्कार का निर्णय लेने वाले जजों ने कहा कि बर्न ने अपनी इस किताब में डार्क ह्यूमर का बेहतरीन प्रयोग किया है. लेखक, दार्शनिक और जज में से एक क्राम एंथोनी एपियाह ने कहा कि हम सबमें से किसी ने भी इस तरह का कुछ भी नहीं पढ़ा था. उन्होंने कहा कि एना बर्न की इस किताब में बरूरता व यौन शोषण को ह्यूमर के साथ प्रस्तुत किया गया है. 56 वर्षीय एना आइरिश लेखिका हैं. वह 1987 में लंदन में रहने लगी थीं.

सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद, तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के फतेह कदाल इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिलने पर की गई कार्रवाई के बाद तीन लश्कर आतंकियों के ढेर होने की बात सामने आ रही है। अब तक की कार्रवाई में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया है तो वहीं अन्य घायल होने की भी खबर है।

बुधवार सुबह फतेह कदाल में सुरक्षा बलों और यहां छिपे आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। दोनों ओर से हो रही फायरिंग के बीच सुरक्षा बलों द्वारा यहां कार्रवाई की गई, जिसमें लश्कर के तीन आतंकियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी शहीद हुआ है और कुछ पुलिसवाले घायल हुए हैं।

ये आतंकी आबादी वाले इलाके में छिपे हुए थे और इलाके को खाली करवाते हुए सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घेराबंदी की थी। बता दें, बीते 13 अक्टूबर को भी पुलवामा में सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली थी, जहां एनकाउंटर में एक आतंकी को मौत के घाट उतार दिया गया था। आतंकी के पास से हथियार भी बरामद किए गए थे।

वहीं, उसी दिन बारामूला जिले के सोपोर टाउनशिप में आतंकियों ने कायरता दिखाते हुए घर में घुसकर एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दरअसल सुरक्षा बलों द्वारा हिज्बुल कमांडर मन्नान वानी को ढेर किए जाने के बाद आतंकियों की कमर टूट गई है और यही कारण है कि हलचल बढ़ी है।

भटनी-वाराणसी रूट पर पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग, बड़ा हादसा टला

देवरिया (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के देवरिया इलाके में मंगलवार को भटनी-वाराणसी रूट से गुजर रही एक पैसेंजर ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। इसके बाद चालक ने सूझबूझ से काम लेते हुए ट्रेन को रोक कर इंजन को बोगी से अलग कर दिया। अगर समय रहते ऐसा नहीं किया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय फायर ब्रिगेड टीम ने बिना देर लगाते हुए आग पर काबू पा लिया। हादसे के कारण कई घंटे इस रूट की ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। भटनी से वाराणसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन नं 55123 दोपहर 2:05 बजे भटनी से वाराणसी के लिए रवाना हुई। इसके बाद 2.30 बजे ड्राइवर मनोज कुमार मौर्य को इंजन से धुआं निकलते दिखा। उन्होंने भीमपुर गांव के सामने ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद यात्रियों के सहयोग से इंजन को धक्का देकर बोगी से अलग किया। इंजन में मौजूद अग्निशमन यंत्र से आग को काबू करने की कोशिश की गई लेकिन आग नियंत्रित नहीं हो सकी। बाद में देवरिया से दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। इनकी मदद से आग पर काबू पाया गया। मामले की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया।

दशहरे में रावण और पटाखे जलाने पर गाइड लाइन बनाए सरकारःहाईकोर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को दशहरे में रावण और पटाखे जलाने को लेकर गाइडलाइन बनाने को कहा जिन्हें अगले साल से लागू किया जाएगा. कोर्ट ने यह आदेश वायु प्रदूषण से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया.

बता दें राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सोमवार से इमरजेंसी एक्शन प्लान लागू किया जा रहा है. सेंट्रर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (प्रदूषण) ने इस संबंध में कहा कि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत शहर में कई सख्त कदम उठाए जाएंगे.

एक अधिकारी ने बताया कि यदि हवा की क्वालिटी सामान्य से खराब स्तर पर पाई जाती है तो डंपिंग यार्ड या अन्य जगहों पर कचरा जलाने पर रोक, ईंट भट्ठों और इंडस्ट्रीज पर पॉल्यूशन कंट्रोल के सख्त नियम लागू किये जाएंगे.

वहीं यदि हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई तो डीजल जनरेटर सेट के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाएगी. इसके साथ ही पार्किंग फीस को भी 3 से 4 गुना बढ़ा जाएगा.

नक्सली आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आईटीबीपी के तीन जवान घायल

राजनांदगांव (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के पानाबरस क्षेत्र में आईटीबीपी के जवान सर्चिंग में निकले हुए थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईडी ब्लास्ट होने से तीन जवानों घायल हो गए है। जिन्हें उपचार हेतु मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार आईटीबीपी के जवान आज सर्चिंग के लिए जिले के पानाबरस की ओर निकले हुए थे। वे सुबह लगभग 11 बजे रामगढ राजाडेरा के पास पहुंचे ही थे की नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईडी ब्लास्ट हुआ।

सायकल से भारत का चक्कर लगा बनाया विश्व रिकार्ड

जगदलपुर। बीजापुर में आरक्षक बंशीलाल नेताम ने स्वर्णिम चतुर्भुज की 6000 किलोमीटर की सायकल यात्रा करते हुए वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। उन्होंने देश के चार महानगरों की सायकल से यात्रा केवल 16 दिन और 16 घंटे में पूरी कर इतिहास रचा है। अब वे बस्तर के जंगल में रहने वाले प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए आगे लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से वे बीजापुर से 6 घंटे अपनी यात्रा कर सोमवार को जगदलपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने मीडिया के समक्ष अपने अनुभव को बयां किया।

वर्जिनिटी टेस्ट का विरोध करने वाली महिला को डांडिया समारोह से निकाला, एफआईआर

पुणे (आरएनएस)। पुणे के पिंपरी भाटनगर इलाके में एक महिला को डांडिया में शामिल होने से रोक दिया गया। महिला का दोष सिर्फ इतना था कि वह अपने समुदाय के उस रिवाज का विरोध कर रही है जिसमें शादी की रात के अगले दिन महिलाओं का वर्जिनिटी टेस्ट होता है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

ऐश्वर्या ने पिंपरी थाने में तहरीर देकर आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। सभी आरोपी जाट पंचायत के सदस्य हैं। इनके ऊपर आरोप है कि उन्होंने महिला को समुदाय से बहिष्कार करने का फरमान सुनाया।

पीड़िता ने बताया कि सोमवार को वह पिंपरी में एक डांडिया में हिस्सा लेने गई थी। यह डांडिया का समारोह जाट पंचायत द्वारा आयोजित किया गया था। जैसे ही वह यहां पहुंची और डांडिया खेलना शुरू किया, अचानक संगीत बंद कर दिया गया। उनकी मां वहां आई और उनसे वहां से जाने को कहा।

ऐश्वर्या ने बताया, मैं पंडाल के पीछे आई लेकिन फिर भी संगीत शुरू नहीं हुआ। एक वृद्ध व्यक्ति ने घोषणा की कि अब डांडिया का समारोह तभी शुरू होगा जब कुछ लोग पंडाल के बाहर जाएंगे। उस समय वहां लगभग चार सौ लोग मौजूद थे लेकिन कोई भी मेरे समर्थन में नहीं आया। मैंने जैसे ही पंडाल छोड़ा संगीत शुरू हो गया। इससे साफ है कि समुदाय ने मेरा बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अभी उनके पास 20-30 लोगों का समर्थन है। जैसे ही लोग शिक्षित होंगे, उनके समर्थक भी बढ़ेंगे। एसीपी संतीश पाटील ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

इस समुदाय में रिवाज है कि शादी के बाद सुहागरात के अगले दिन जोड़े को यह साबित करना जरूरी है कि महिला का कौमार्य भंग हो चुका है। इसके लिए पंचायत के सदस्य बेडशीट चेक करते हैं। अगर बेडशीट पर पंचायत के सदस्यों को महिला के कौमार्य भंग होने का सबूत नहीं मिलता है तो वह शादी अवैध करार दी जाती है।

90 सीटों के उम्मीदवारों के नामों का फैसला 20 अक्टूबर को

रायपुर। भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की मैराथन बैठक आधी रात तक चली। इस बैठक में सभी 90 सीटों के उम्मीदवारों के नाम का पैनल तैयार कर लिया गया है। यह बैठक लगभग 10 से 12 घंटे चली और रात खत्म हुई। अब फैसला सेंट्रल इलेक्शन कमिटी करेगी। बता दे भेजे गए दावेदारों में किन्हें टिकट दिया जाए या नहीं । इस बैठक में सभी 29 जिला संगठनों में भेजे गए पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री सौदान सिंह के संभागवार दौरे के दौरान सामने आये नामों पर चर्चा की गई. एक-एक सीट पर संभावित उम्मीदवारों के जीत के तमाम समीकरणों पर चर्चा हुई और इसके बाद नाम पैनल में शामिल किया गया. वहीं कुछ सीटों पर 2 और 3 नाम हैं। इस पैनल को 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में रखा जायेगा और जहां अंतिम एक नाम पर मुहर लगाई जाएगी.